परमात्म ऊर्जा

चाहे कोई आपको मान दे व न दे लेकिन आप सदा स्वमान में रहें

सदा हर आत्मा के प्रति स्नेह की, शुभ भावनाओं की और खुशी के सुनहरे पुष्पों की वर्षा करते रहो। चाहे दुश्मन हो लेकिन स्नेह की वर्षा दुश्मन को भी दोस्त बना देगी। चाहे कोई आपको मान दे व मान न दे लेकिन आप सदा स्वमान में रह औरों को भी स्नेह की दृष्टि, स्नेही वृत्ति से, आत्मिक मान सम्मान देते चलो। वह लोग आपको माने न माने लेकिन आप उसको मीठा भाई, मीठी बहन मानते चलो। भल वह नहीं माने, आप तो मान सकते हो न। वह पत्थर फेंके आप रत्न दो। यदि आप भी पत्थर फेंको तो आप में और उन लोगों में क्या अंतर रहा? अरे! आप तो स्वयं रत्नागर बाप के बच्चे हो। रत्नों की खान के मालिक हो ही, मल्टी,मल्टी मिलेनियर हो भिखारी नहीं। ऐसा आप नहीं सोच सकते कि वह दे, तब मैं दूं, यह भिखारी के संस्कार हैं। दाता के बच्चे, अभी लेने का हाथ नहीं फैला सकते। मन व बुद्धि से भी यह संकल्प करना कि वह करे तो मैं करूं, वह स्नेह दे तो मैं दूं, वह मान दे तो मैं मान दूं- यह भी हाथ फैलाना हो गया, यह भी एक तरह का रॉयल भिखारीपना है। इसमें निष्काम योगी बनो, तब ही गोल्डन दुनिया की खुशी की लहर विश्व तक पहुंचेगी और फैलेगी।

नई दिल्ली। भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से स्नेह भरी मुलाकात कर सम्मान करते हुए राजयोगी ब्र.कु. मदन। साथ हैं राजयोगी ब्र.कु. नथमल।

अजमेर-शास्त्री नगर(राज.)। जवाहर रंग मंच पर आयोजित विलक्षण प्रतिभा सम्मान समारोह में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. आशा एवं ब्र.कु. कीर्ति। साथ हैं राज्य कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी एवं विधायक अनीता भदेल।

हिसार-हरियाणा। ब्रह्माकुमारीज के कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग ने जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के विशेष सहयोग तथा कनेक्टिंग ड्रीम्स एनजीओ,स्पेर्चुल एनजीओ एवं मिशन समृद्धि के संयुक्त सहभाग से जिला हिसार के लाडवा गांव को 'आदर्श ग्राम' के रूप में विकसित करने की महत्त्वाकांक्षी पहल के भव्य शुभारंभ के दौरान उपस्थित रहे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक श्रीमती सावित्री जिंदल, स्पर्चुल एनजीओ संस्थापक गीता बुरा, कनेक्टिंग ड्रीम्स एनजीओ संस्थापक अमित टुटेजा, सरपंच श्याम प्रताप राठौड़,जाहोटा, सरपंच रामफल पुनिया,लाडवा, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड सीएसआर प्रीतिका चंद, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रभाग राष्ट्रीय अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी, उपक्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु.रमेश दीदी, ब्र.कु.विधात्री,ओआरसी,दिल्ली, ब्र.कु. सावित्री,आदमपुर, प्रकृति परिवर्तन प्रबंधक ब्र.कु.विजय,जींद, किसान प्रशिक्षण केंद्र समन्वयक ब्र.कु. सन्देश,तपोवन,आबू रोड तथा अन्य।

धामेल-काठमांडू(नेपाल)। ब्रह्माकुमारी राजयोग प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, नागढोली-छालिङ तथा समाजसेवा प्रभाग के संयुक्त आयोजन में 'जेष्ठ नागरिकों के सम्मान और गौरव' कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ करते हुए चाँगुनारायण नगरपालिका मेयर जीवन खत्री, वार्ड नं. 5 के अध्यक्ष जगेन्द्र खड्का, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. राज दीदी तथा अन्य ब्रह्माकुमारी बहनें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी व्यक्तियों, विभिन्न क्लबों के प्रतिनिधियों, क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं ब्र.कु. भाई-बहनों की सहभागिता रही।

गया-सिविल लाइन(बिहार)। 'आंतरिक खुशी तथा तनाव मुक्त जीवन' विषयक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए सेंट्रल जीएसटी के सहायक आयुक्त शिशिर सौरव, ब्र.कु. डॉ. बिन्नी बहन व ब्र.कु. राकेश,माउंट आबू एवं स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. शीला दीदी।

राजगीर-बिहार। नालंदा विश्वविद्यालय खंडहर एवं वीरायतन भ्रमण के दौरान समूह चित्र में ओआरसी निर्देशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी। साथ हैं ब्र.कु. संगीता, ब्र.कु. अनुपमा, ब्र.कु. पूनम, ब्र.कु. ज्योति तथा अन्य।

नोएडा-सेक्टर 100(उ.प्र.)। लोटस एस्पेशिया के क्लब हाउस में सीनियर सिटीजन्स के लिए आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी प्रेसिडेंट डॉ. एसके मिश्रा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. लीना बहन। साथ हैं ब्र.कु. रेनू, ब्र.कु. पंकज माथुर एवं ब्र.कु. आशीष।

धूरी-पंजाब। 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान शुभारम्भ के दौरान स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मूर्ति बहन, सर्वहितकारी विद्या मंदिर के प्रधान रोशन लाल, उप प्रधान, मैनेजर और प्रधानाचार्य संतोष ठाकुर, अग्रवाल सभा प्रधान मदन लाल बंसल तथा अन्य शामिल रहे।

डाकपत्थर-देहरादून(उत्तराखंड)। विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते हुए जिला संयोजिका मीडिया प्रभारी एकता जी, ब्र.कु. सविता तथा अन्य।

ब्रह्मपुर-गिरि रोड(ओडिशा)। प्रभु उपहार रिट्रीट सेंटर में बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्म कालीन बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ समूह चित्र में आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल आर.सी. श्रीकान्त एवं उनकी धर्मपत्नी।

गुवाहाटी-रूपनगर(असम)। बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में कोकराझार शहर में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत युवा जन-जागरूकता रैली के दौरान विशाल मेगा मार्ट के सामने नुक्कड़ नाटक दिखाया गया। मौके पर उपस्थित रहे सहायक जिला आयुक्त सुश्री सुप्रभा राय, कौशिक कलिटा, पुलिस उपाधीक्षक, सुश्री नीता बासुमतारी, मेडिकल विंग वक्ता ब्र.कु. राजीव, ब्र.कु. रेनू, ब्र.कु. आशा, ब्र.कु. सुजीत तथा अन्य।

समंतरायपुर-क्योंझर(ओडिशा)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में धरणीधर यूनिवर्सिटी के नॉर्थ कैंपस में वृक्षारोपण करते हुए यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. संजय कुमार पात्रो, यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार मिस प्रतिभा पुस्टी, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. बिंदु, सह-संचालिका ब्र.कु. प्रतिभा तथा अन्य।

गोरखपुर मोहद्दीपुर-उ.प्र.। विश्व शान्ति भवन की ओर से जिला कारागार में 'आत्म चिंतन से जीवन परिवर्तन शिविर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कैदी भाइयों को सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. अरविंद। साथ हैं ब्र.कु. अंकिता एवं ब्र.कु. पवित्रा।